# सूक्ष्म प्रबंध योजना निर्माण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम
## दिनांक 16–18 / 09 / 2025

---

मध्यप्रदेश राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में तीन दिवसीय 16 / 09 / 2025 से 18 / 09 / 2025 तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम दिवस में मध्यप्रदेश राज्य वन अनुसंधान संस्थान के संचालक श्री प्रदीप वासुदेवा भा.व.से. के द्वारा उद्घाटन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रायोजक अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सं.व.प्र.) म.प्र. भोपाल है। प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों के द्वारा सूक्ष्म प्रबंध योजना से संबंधित विभिन्न विषयों पर **PPT** के माध्यम से जानकारी प्रदान की गयी। इसके उपरांत दूसरे दिन दिनांक 17 / 09 / 2025 को वन परिक्षेत्र कुन्डम की ग्राम वन समिति कुन्दवारा में सहभागी ग्रामीण समीक्षा (**PRA**) का अभ्यास विषय विशेषज्ञ श्री आर. बी. शर्मा, आई.एफ.एस. सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक, श्री ओंकार सिंह राणा, सेवानिवृत्त उप वन संरक्षक, श्री अभिषेक शर्मा एवं श्री अनुज सक्सेना के मार्गदर्शन में कुल 27 प्रशिक्षणार्थियों एवं ग्राम वन समिति के सदस्यों के साथ किया गया। इस अवसर पर वनमण्डल अधिकारी जबलपुर श्री ऋषि मिश्रा भा.व.से. तथा उनके क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे एवं उनका सहयोग प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस दिनांक 18 / 09 / 2025 को मध्यप्रदेश राज्य वन अनुसंधान संस्थान के संचालक श्री प्रदीप वासुदेवा भा.व.से. के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा परियोजना की मुख्य अन्वेषक डॉ. प्रतीक्षा चतुर्वेदी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी श्री एस. एस. रघुवंशी, श्री विनय कुमार कोरी, श्री दिनेश कुमार कुलदीप, श्री सत्यम सक्सेना एवं प्रियंका वर्मा आदि ने भी उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।



पत्रिका समाचार पत्र
दिनांक 19/09/2025, शुक्रवार

सूक्ष्म प्रबंध योजना

# एसएफआरआई में सूक्ष्म प्रबंध पर दिया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी।

**जबलपुर.** राज्य वन अनुसंधान संस्थान में सूक्ष्म प्रबंध योजना निर्माण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन परिक्षेत्र कुंडम की ग्राम वन समिति कुंदवारा में सहभागी ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया गया। सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक आरबी शर्मा, ओंकार सिंह राणा, अभिषेक शर्मा, अनुज सक्सेना ने जानकारी दी। कार्यक्रम में वनमंडल अधिकारी ऋषि मिश्रा एवं संचालक प्रदीप वासुदेवा ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया। परियोजना की मुख्य अन्वेषक डॉ. प्रतीक्षा चतुर्वेदी ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी एसएस रघुवंशी, विनय कुमार कोरी, दिनेश कुमार कुलदीप, सत्यम सक्सेना एवं प्रियंका वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने भी सहयोग किया।


सूक्ष्म प्रबंध योजना निर्माण हेतु
प्रायोजक-
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
संयुक्त वन प्रबंधन, मध्यप्रदेश, भोपाल


STATE FOREST RESEARCH INSTITUTE
QUALITY POLICY



